26/07/2025

आकाशवाणी ईटानगर

1999 के कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों की बहादुरी को सम्मान देने के लिए आज पूरे देश में कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन पाकिस्तान पर भारत की जीत और ऑपरेशन विजय के सफल समापन की 26वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। आज, लद्दाख के द्रास में, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने इस दिन को भारत की भावना का प्रमाण बताते हुए राष्ट्र में सैनिकों की जीत, साहस, बलिदान और अटूट विश्वास की याद कहा। इस बीच, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने भी नामसाई में शहिदों को पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा अरुणाचल प्रदेश ने राज्य भाजपा मुख्यालय, ईटानगर में आज 26वां कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया।

0000000000000000000000

संसदीय एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज नई दिल्ली में आयोजित 15वें संसद रत्न पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए उत्कृष्ट संसदीय कार्यों के लिए सांसदों को सम्मानित किया। इस अवसर पर 17 सांसदों को 2025 के संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

0000000000000000000000

अरुणाचल पर्यटन ने इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट (IITM) बेंगलुरु 2025 में सर्वश्रेष्ठ साहसिक पर्यटन स्थल का पुरस्कार जीता है। सोशल मीडिया पोस्ट पर इस खबर को साझा करते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि यह राष्ट्रीय मान्यता राज्य की समृद्ध प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक जीवंतता और स्थायी साहसिक पर्यटन में अपार संभावनाओं का प्रमाण है।

0000000000000000000000

गृह मंत्री मामा नातुंग ने आज ओल्ड जीरो में नवनिर्मित पुलिस स्टेशन भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था के बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है और नया पुलिस स्टेशन लोअर सुबनसिरी ज़िले के लोगों के लिए सुरक्षा, संरक्षा और जन सेवा का एक स्तंभ के रूप में उभरेगा।

0000000000000000000000

प्रतिष्ठित मेराग लामा लोद्रोए ग्यात्सो इंडिपेंडेंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट का 32वां संस्करण आज “से नो टू प्लास्टिक” थीम के साथ ग्यालवा सांगयांग ग्यात्सो हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू हुआ। इस टूर्नामेंट का आयोजन तवांग जिला फुटबॉल संघ द्वारा तवांग जिला प्रशासन और भारतीय सेना के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें कुल 19 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन मैच, पिछले वर्ष के चैंपियन डी. क्लब और गांगचेन क्लब के बीच खेला गया जिसमें डी. क्लब ने 3-0 से मैच जीता।

0000000000000000000000

सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 2024 के आईपीएस ट्रैनीस के 77वें बैच ने कल भारत दर्शन के अंतर्गत पुलिस हेडक्वार्टर, ईटानगर का दौरा कर भारतीय प्रशासन और समाज के बारे में जानकारी प्राप्त की। राज्य के पुलिस महानिदेशक आनंद मोहन ने ट्रैनीस को राज्य की समृद्ध संस्कृति, प्राकृतिक दृश्यों और सामरिक महत्व के बारे में गहन जानकारी दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, DGP ने ट्रैनीस को तकनीकों को अपनाने, समुदायों से जुड़ने, हर चुनौती से सीखने और अटूट प्रतिबद्धता के साथ सेवा करने की सलाह दी।

0000000000000000000000

आरजीयू की दो रिसर्च स्कॉलर्स, डिपार्टमेंट ऑफ़ सोशियोलॉजी की मुदांग ओन्जू और अरुणाचल इंस्टिट्युट ऑफ़ ट्राइबल स्टडीज़ की ताबा यामी, सासाकावा पीस फ़ाउंडेशन के सहयोग से हिरोशिमा ओरिज़ुरु फेलोशिप प्रोग्राम के अंतर्गत टोक्यो, जापान में आयोजित एक इंटरनेशनल समर कैंम्प में अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। चयनित दोनों स्कॉलर्स आगामी 2 से 10 अगस्त तक हिरोशिमा विश्वविद्यालय के टोक्यो परिसर में आयोजित होने वाले हिरोशिमा विश्वविद्यालय-सासाकावा पीस फ़ाउंडेशन-कोलंबिया विश्वविद्यालय के पीस एण्ड सस्टैनेब्लिटी 2025 पर समर कौर्स में भाग लेंगे।

0000000000000000000000

1 अरुणाचल प्रदेश बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर ने कल राजीव गांधी युनिवर्सिटी में अपने कम्बाइंड एनुअल ट्रैनिंग कैम्प (CATC-69)

का समापन किया, जो 16 जुलाई से शुरु हुअ था। इस शिविर में राज्य के पश्चिमी जिलों के कुल 334 कैडेट्स ने भाग लिया। कल अंतिम दिन मोटिवेशनल टॉक एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण में शारीरिक सहनशक्ति, टीम वर्क, आत्मविश्वास और मानसिक लचीलापन बढ़ाने वाली गतिविधियाँ शामिल थीं। डिजिटल जागरूकता और नागरिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए, MyBharat पोर्टल, MyGov.in और NDMA के सचेत ऐप पर सत्र भी आयोजित किए गए।

0000000000000000000000

गेकु-कातान इंटेलेक्चुअल युथ फ़ॉरम ने ब्लड सेंटर, जिला अस्पताल यिंगकिओंग के सहयोग से शुक्रवार को अस्पताल में तीसरे चरण का रक्तदान शिविर आयोजित किया, जिसमें 20 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. कातान पातुक और उनकी चिकित्सा टीम ने किया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 2 जिलों पापुम पारे और आंजाव के लिए ऑरेंज अलर्ट, साथ ही अन्य 16 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की सभावना है।

0000000000000000000000